भारत सरकार
संस्कृति मंत्रालय

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 3540
उत्तर देने की तारीख 10.08.2026

प्रधानमंत्री को उपहार में मिले स्मृति चिह्नों और उपहारों की नीलामी

3540. श्री ईश्वरस्वामी के.:

क्या संस्कृति मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या देश-विदेश से प्रधानमंत्री को भेंट किए गए स्मृति चिह्नों, उपहारों आदि की नीलामी की गई है;

(ख) यदि हां, तो सरकार को उक्त नीलामियों से प्राप्त धनराशि का ब्यौरा क्या है;

(ग) विगत पांच वर्षों के दौरान किन-किन तिथियों को नीलामी हुई थीं; और

(घ) वर्ष 2014 से पहले कितनी बार नीलामी आयोजित की गई है, तत्संबंधी तिथि-वार ब्यौरा क्या है?

उत्तर

संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री
(गजेन्द्र सिंह शेखावत)

(क): जी, हाँ।

(ख): माननीय प्रधानमंत्री जी को भेंट में मिले स्मृति चिह्नों और उपहारों की नीलामी के माध्यम से सरकार को प्राप्त हुई धनराशि का विवरण इस प्रकार है:

पहला संस्करण (2021): 3.1 करोड़ रुपए

दूसरा संस्करण (2022): 3.6 करोड़ रुपए

तीसरा संस्करण (2023): 15.8 करोड़ रुपए

चौथा संस्करण (2023): 14.4 करोड़ रुपए

पांचवां संस्करण (2024): 11.16 करोड़ रुपए

छठा संस्करण (2024): 2.24 करोड़ रुपए

सातवां संस्करण (2025): 1.89 करोड़ रुपए

(ग): पिछले पांच वर्षों के दौरान स्मृति चिह्नों और उपहारों की ई-नीलामी जिन तारीखों/अवधि में आयोजित की गई थी, वे इस प्रकार हैं:

2021: 17 सितंबर से 7 अक्तूबर

2022: 17 सितंबर से 12 अक्तूबर

2023: 17 सितंबर से 31 अक्तूबर

2024: 17 सितंबर से 31 अक्तूबर

2025: 17 सितंबर से 31 अक्तूबर

(घ): वर्ष 2019 से पहले, राष्ट्रीय आधुनिक कला संग्रहालय (एनजीएमए) द्वारा स्मृति चिह्नों और उपहारों की ऐसी कोई नीलामी आयोजित नहीं की गई थी।

*****